Regarding completion of pending Railway Projects in Sheohar

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) **:** अध्यक्ष महोदय, उन्नाव में एक बहुत ही दुखद बस दुर्घटना हुई थी, मैं उस संबंध में बोलने जा रही हूं । यह जो दुखद घटना घटी है, शिवहर से दिल्ली के लिए बस जा रही थी, जो आगरा-लखनऊ हाइवे पर उन्नाव के पास एक ट्रक से टकरा गई और दुखद घटना की शिकार हुई । 9 जुलाई को बस चली थी, लेकिन यह घटना 10 जुलाई को घटी थी । उसमें शिवहर लोक सभा संसदीय क्षेत्र के 18 लोग मारे गए हैं, जिसमें दो महिलाएं एवं दो बच्चे भी शामिल हैं ।

जैसे ही हम लोगों को यह खबर मिली, मैं वहां तुरंत गई थी । उनके परिजनों से मिली और कई सारे प्रयास भी किए । श्री आनंद मोहन जी, जो शिवहर से भूतपूर्व सांसद हैं, उन्होंने उन्नाव जाकर काफी सेवाभाव से काम किया है ।

माननीय अध्यक्ष **:** आपका विषय क्या है?

श्रीमती लवली आनंद**:** अध्यक्ष महोदय, मेरा यह कहना है कि इसमें उत्तर प्रदेश और बिहार के मुख्यमंत्रियों ने दो-दो लाख रुपये दिए हैं, मैं उसके लिए उनका बहुत आभार व्यक्त करती हूं । मेरा यह कहना है, जिनके परिजन गुजर गए हैं, किसी परिवार का कोई इकलौता सदस्य था, तो उनको केन्द्र की तरफ से चार-चार लाख रुपये मिले एवं सबको उचित मिले ।

महोदय, ये जो खटारा बसेज़ हैं, उनको बंद किया जाए । शिवहर में रेल परियोजना काफी समय से लंबित है, जल्दी से जल्दी रेल परियोजना चालू की जाए, ताकि लोग अपना जीवन एक ड्राइवर के भरोसे न छोड़ दें और ऐसी घटना फिर न घटे । इस पर रोक लगनी चाहिए, मैं यही कहना चाहती हूं ।